# उपक्षेत्रीय प्रबंधकों की शह पर तकनीकि निरीक्षक कर रहे खेला

## राजेन्द्रा-खैरहा में सिन्हा तो, दामिनी-बंगवार उपक्षेत्र में श्रीनिवास ने सम्हाली कमान

**रोड सेल में अनाधिकृत मजदूरों से कराया जा रहा काम**

**प्रबंधन के संरक्षण में चल रहा अवैध कारोबार**

साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड के सोहागपुर एरिया के भूमिगत खदानों में भी संचालित रोड सेल में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश और आरओएम के नाम पर स्टीम भेजने का खेल चल रहा है, कांटा घर से लेकर कोयले की अवैध निकासी और पूरे हिसाब का जिम्मा तकनीकि निरीक्षकों के माध्यम से उपक्षेत्रीय प्रबंधक के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है।



शहडोल।

एसईसीएल के सोहागपुर एरिया अंतर्गत दो उपक्षेत्रों की चर्चा इन दिनों चरम पर है, दोनों ही उपक्षेत्रों के अंतर्गत दो-दो भूमिगत खदानें हैं, चारों खदानों में रोड सेल का खुला-खेल अब किसी से छुपा नहीं है, सोहागपुर एरिया की शारदा या धनपुरी ओसीएम की तुलना में यहां तकनीकि निरीक्षकों के साथ उपक्षेत्रीय प्रबंधक भी सीधे दखल रख रहे हैं, राजेन्द्रा-खैरहा उपक्षेत्र में उपक्षेत्रीय प्रबंधक श्री सिन्हा और दामिनी-बंगवार उपक्षेत्र में व्ही. श्री निवास तकनीकि निरीक्षकों के माध्यम से कोल प्रबंधन के राजस्व पर कैंची चला रहे हैं और बदले में कोल ट्रांसपोर्टरों और खुद की जेबे गर्म कर रहे हैं। दोनों ही उपक्षेत्रों की भूमिगत खदानों से कहीं का कोयला कहीं जा रहा है और रोड सेल में कमीशन माफिया एवं दलालों का बोलबाला है, सोहागपुर क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली खदान हैं। रोड सेल में उच्च चरम पर भ्रष्टाचार चल रहा है, हैंड लोडिंग एवं टैरेक्स लोडिंग के माध्यम से कराया जा रहा है, इसका भगवान ही मालिक है। कालरी के अधिकारी अपनी रियासत मानकर मनमर्जी के मुताबिक लूट मचाए हुए हैं, वैसे तो एसईसीएल का श्रम संगठन भ्रष्टाचार मिटाने की ढेरों सारी बातें करते हैं, लेकिन रोड सेल में खुलेआम हो रहे एसईसीएल का नुकसान पर किसी की नजर क्यों नहीं जा रही है।

### मजदूरों से छटवाते हैं कोयला

ऐसा नहीं कि इसकी शिकायत समय पर प्रबंधन सहित प्रशासन के पास ना होती हो, लेकिन प्रबंधन व प्रशासन सभी ने चुप्पी साथ रखी है, जिसका नतीजा है कि रोड सेल के नाम पर गुंडा टैक्स की वसूली व कोयले का खेल जारी है। बताया है कि रोड सेल में पदस्थ जिम्मेदारों द्वारा कंपनी के सभी नियमों को ताक में रखकर व्यापारियों से साथ मिली भगत कर मोटी रकम लेकर मजदूरों से कोयला छटवाते हुए उच्च ग्रेड का कोयला भेजने का काम कर रहे हैं, जिसका सीधा नुकसान कॉलरी प्रबंधन को हो रहा है, वहीं यहां पर सदस्य, कर्मचारी, अधिकारी मालामाल हो रहे हैं। बताया गया कि यह खेल काफी दिनों से जारी है, जिस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### हिसाब से गुण्डा टैक्स

सोहागपुर एरिया अंतर्गत दो उपक्षेत्रों के नियम के मुताबिक रोड सेल से कोयला क्रय करने वालों को कोयले की कीमत और ट्रक में लोड करने तक का जो भी शुल्क होता है, उसे चुकता करने के बाद डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) दिया जाता है, इसमें स्पष्ट रूप से लिखा होता है, डीओ लिफ्टिंग ऑफ कोल, नो पेमेंट रिक्वायर्ड इसके बाद भी प्रति ट्रक से अवैध वसूली की जाती है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां कितना बड़ा अवैध कोयले का कारोबार चल रहा है। रोड सेल में जमकर भ्रष्टाचार मचा हुआ है, यहां पर कोयले के खेल में छोटे से लेकर बड़े कर्मचारियों-अधिकारियों की मिलीभगत है। जिससे कॉलरी को चूना लगाकर यहां के कर्मचारी व अधिकारी अपना जेब भरने में मस्त है तो, वाहन मालिकों से जबरन प्रति वाहन के हिसाब से गुंडा टैक्स की वसूली भी की जाती है।

### चल रहा अवैध उगाही का खेल

राजेन्द्रा-खैरहा एवं दामिनी-बंगवार उपक्षेत्र के रोड सेल से कोयला परिवहन करने वाले गाडिय़ों से अवैध वसूली की जा रही है। विभागीय कर्मचारियों-अधिकारियों द्वारा साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों में हर ट्रक से ढाई से तीन हजार रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाया हैं। राजेन्द्रा-खैरहा, दामिनी-बंगवार खदान परियोजना से रोड सेल के माध्यम से कंपनी प्राइवेट लोगों को कोयला बेचती है, लेकिन इन स्थानों पर बेचे जाने वाले कोयले की कीमत और समस्त खानापूर्ति के बाद भी ट्रक चालकों से अवैध वसूली की जाती है। एसईसीएल कर्मचारियों द्वारा खेल-खेला जा रहा है, ट्रक मालिकों से प्रतिदिन हजार रुपए की अवैध उगाही की जाती हैं। कॉलरी सब एरिया मैनेजर के सामने अवैध उगाही करने वाले गिरोह दिन दुगनी रात चौगुनी के तर्ज पर मालामाल हो रहे हैं।

### किसकी होगी जवाबदेही

वैसे तो कालरी सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाता है और यहां पर अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश भी वर्जित होता है, अगर कोई व्यक्ति यहां पर जाता है तो, सुरक्षा के सारे मापदंड उसे पालन करते हुए परिसर में प्रवेश करने होंगे, लेकिन यहां पर तो स्थानीय मजदूरों को किसी प्रकार से सुरक्षा मुहैया नहीं कराया जाता और उनसे कोयले की छटनी कराई ई जाती है। खबर है कि मजदूरों को ठेके पर रखा गया है और सुरक्षा की दृष्टि में किसी प्रकार से उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, अगर मजदूरों के साथ किसी प्रकार से कोई घटना घटित होती है तो, इसकी जवाब देही किसकी होगी अभी तक तय नहीं हो सका है।

### कोयले में मिट्टी और पत्थर का मिश्रण

राजेन्द्रा-खैरहा एवं दामिनी-बंगवार खदान में जो कोयले का भंडारण कराया गया है, उस कोयले में अधिकतर मिट्टी एवं पत्थर का मिश्रण है, यहां पर पत्थर को हटाने के लिए मजदूर रखे गए हैं और कोयला निकालकर उसे वाहनों पर लोड किये जा रहे हैं, हालाकि कॉलरी प्रबंधन के कर्मचारी एवं अधिकारी कोयले में ही मिट्टी और पत्थर का मिश्रण कर दे रहे हैं। जिससे कॉलरी प्रबंधन को मुनाफा हो और जो कोयले खरीद रहे उसे नुकसान, हालांकि देखना होगा की राजेन्द्रा-खैरहा एवं दामिनी-बंगवार खदान में मचे भ्रष्टाचार पर कब तक रोक लग पाती है। रोड सेल में हो रही भर्रेशाही की जानकारी प्रबंधन को भी है, लेकिन कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब जब्त

शहडोल। थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 23 दिसम्बर को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने बलपुरवा में दबिश देकर आरोपी अमन चौधरी पिता प्रभू लाल उम्र 47 वर्ष निवासी बलपुरवा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक श्रीनिवास तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विशाल रामलीला का सिंह वाहिनी के दरबार में हो रहा आयोजन

शहडोल। जिले के जैतपुर क्षेत्र अंतर्गत मां सिंह वाहिनी भाटिया देवी के प्रांगण पर धर्म प्रचारक रामलीला मंडल द्वारा विशाल रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के महंत गंगापुरी गोस्वामी जी एवं संचालक नंदपुरी के द्वारा इस रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला का आयोजन 21 दिसंबर से प्रारंभ किया गया है, जिसमें कलाकारों के द्वारा अपने अद्भुत अभिनय का प्रदर्शन किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में रामलीला के इस मंडली का जमकर प्रचार-प्रसार किया जाता है। खास बात यह है कि रामलीला में दान के माध्यम से जो भंडारा आता है उसी से पूरी रामलीला का भोजन प्रसाद ग्रहण किया जाता है, गंगा पुरी गोस्वामी द्वारा अद्भुत वाचन कर लोगों का दिल जीत गया है। यह कार्यक्रम धर्म के प्रचार के साथ-साथ पुराने कलाकारों को जीवित करने का एक मंच है और सबसे बड़ी बात यह है कि इससे लोगों में धर्म के प्रति आस्था का बढ़ावा होता है। इस दौरान ग्राम पंचायत भाटिया के आसपास के कोलुहा, जैतपुर, खोड़री, रसमोहिनी, बहगड़, कछार कई गांव के लोग इस रामलीला का वृहद रूप से आनंद उठा रहे हैं। अत्यंत ही मनमोहक इस रामलीला के कलाकारों के द्वारा लोगों का दिल जीत गया है। महंत गंगापुरी गोस्वामी ने सभी से रामलीला के आयोजन में भाग लेने और उपस्थित होने का निवेदन किया है।

### ठेकेदार के आदमी महिलाओं से करते है बदसलूकी

उमरिया। शराब ठेकेदार के आदमियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से पीड़ित महिला ललिया बर्मन निवासी बकेली ने शिकायत दर्ज कराई है, शिकायती पत्र में कहा गया है कि ठेकेदार के आदमी रात को घर में घुसकर महिलाओं का हाथ पकड़कर बदसलूकी की है और जबरन हाथ पकड़कर घर से बाहर ले जा रहे थे, हालांकि पड़ोसियों ने किसी तरह उन लोगों से जान बचाई है, इसकी शिकायत जब सम्बंधित इंदवार थाने में की गई तो शिकायत भी नहीं ली गई है। पीड़ित महिला की माने तो इस घटना के बाद आबकारी निरीक्षक पिंकी हिंदुजा भी मौके पर पहुंची पर उन्होंने भी हमारी मदद नहीं की, बल्कि उल्टा हमारे पूरे परिवार पर प्रकरण कायम करा दिया है। पीड़ित महिला ने यह भी बताया कि हमारे परिवार ने किसी तरह आबकारी कार्यवाही का विरोध नहीं किया, बावजूद इसके हमारे खिलाफ शिकायत दर्ज कर प्रकरण कायम किया गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने जांच का भरोसा दिलाया है। सूत्रों की माने तो अवैध शराब विक्रय के संदेह पर शराब ठेकेदार के आदमी घर पर घुसे थे, बाद में जिम्मेदार आबकारी अधिकारी भी पहुंची थी। इस मामले में आबकारी निरीक्षक की शिकायत पर लल्ला बर्मन, पत्नी ललिया बर्मन एवं इनके भतीजे पिंटू बर्मन एवं इसकी पत्नी संगीता बर्मन के विरुद्ध अपराध कायम कर धारा 294, 323, 332, 353, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस मामले में क्या सच है ये तो जांच उपरांत साफ हो सकेगा,पर पीड़िता की शिकायत में अगर सच्चाई है तो ठेकेदार के लोगों को कोई भी अधिकार नहीं है कि वो किसी के घर बिना अनुमति अंदर जाए और महिलाओं के साथ बदसलूकी करे, ऐसे मामलों में ऐसे लोगो पर कड़ा एक्शन लेने की जरूरत है।

# पुलिस ने की आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 23 दिसम्बर को मुखबिर सूचना मिली कि गोपालपुर रोड बुढ़ार में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी हीरालाल बैगा पिता धनराज बैगा उम्र 26 वर्ष निवासी खन्नाध को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक रविदास संत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 35 वारंटो की तामीली

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत समंस/वारंट की तामीली एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारियों द्वारा 23 दिसम्बर को लंबित 02 स्थाई वारंट एवं 33 गिरफ्तारी वारंट तामील कराये गए।

# गीता प्रकट दिवस पर विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन





शहडोल।

वैदिक मंडलम एवं संस्कृत भारती द्वारा संयुक्त तत्वावधान में गीता प्रकट दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमाकांत पांडे, निदेशक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर अध्यक्षता प्रोफेसर रमाशंकर कुलगुरु पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, विशिष्ट रूप से प्रोफेसर आशीष तिवारी कुलसचिव, प्रोफेसर विनोद कुमार शर्मा विभाग अध्यक्ष, संस्कृत वैदिक मंडलम के संयोजक प्रोफेसर प्रमोद पांडे के नेतृत्व में गीता प्रकट दिवस कार्यक्रम किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापक छात्र उपस्थित थे। छात्रों द्वारा भारत माता की दुर्दशा नाटक का मंचन किया गया एवं श्रीमद् भागवत गीता का पाठ छात्र द्वारा किया गया। अतिथियों ने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं वैश्विक परिदृश्य में गीता की उपयोगिता विषय पर मुख्य अतिथि ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन वैदिक मंडलम के सदस्य डॉ. बृजेंद्र कुमार पांडे ने किया।

# मुड़ना के अस्तित्व पर मंडरा रहा संकट

## शहर का गंदा पानी नदी के लिए बना खतरा



शहडोल।

जिले की जीवनदायिनी मुड़ना नदी की सांस टूटने की स्थिति में पहुंच रही है। संभागीय मुख्यालय में ही नदी की हालात सबसे ज्यादा खराब है। सालों से नदी का गहरीकरण नहीं हुआ है, इससे यह सिकुड़ती गई। आज पूरी तरह एक दुर्गंधयुक्त नाले में तब्दील हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा जिम्मेदार वे जनप्रतिनिधि है, अतिक्रमण ने भी नदी की स्थिति को खराब किया है, जो किनारे हर जगह काफी पीछे हुआ करते थे, वह अब नदी से सट गए हैं। जीवन दायिनी कही जाने वाली मुड़ना का जीवन खुद संकट में पड़ गया है। शहर का गंदा पानी नाली से बहकर नदी में समा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण हमने तस्वीर में कैद किया है। नदी के उस हिस्से में जहां लोग नहाने और कपड़े धोने का कार्य करते है, जहां गंदा पानी एकत्र हो रहा है। ऐसे में घाट पर नहाने वालों को बीमारी का खतरा मंडरा रहा है।

मुड़ना नदी शहर के रिहायशी इलाके से होकर गुजरी है। समय के साथ धीरे-धीरे जल प्रदूषित होता चला गया। वर्तमान में आलम यह है कि नदी का जल दूषित हो गया है। गर्मी की वजह से कुछ स्थानों पर नदी का जल ठहर गया है, बिजली विभाग के पीछे कल्याणपुर मार्ग पर पुल के समीप नदी की स्थिति देखी जा सकती है। मुड़ना में पूरे शहर का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, इसके अलावा गंदे के पानी के साथ कचरा भी नदी में समा रहा है, लेकिन शायद ही कभी स्थानीय जिम्मेदारों ने इसकी ओर देखा होगा।

संभागीय मुख्यालय में मुड़ना नदी में तीज त्यौहार के लिए लोग स्नान कर यहां पूजा अर्चना किया करते थे, लेकिन अब इस नदी में आवारा मवेशियों व शहरभर से एकत्रित होकर गंदा पानी एक बड़े नाले से कई दिनों से प्रवाहित किया जा रहा है, इससे नदी लगातार प्रदूषित हो रही है। विद्युत विभाग के पीछे वाले घाट में की स्थिति दयनीय अवस्था में है। यहां कचरा जमा होकर दलदल का रूप ले चुका है। कभी साफ-सफाई का कार्य यहां नहीं होने की वजह से नदी के अलग-अलग प्रवाह स्थलों में शहर से एकत्रित होकर नदी में जा रहे कचरे के ढेर को देखा जा सकता है।

साफ व स्वच्छ नदी में शुमार जीवनदायनी मुड़ना नदी में शहर का गंदा पानी समा रहा है। जिला मुख्यालय पर आधे शहर का गंदा पानी नालों के माध्यम से नदी में गिर रहा है। नाले से बेहताशा गंदे पानी ने नदी का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया है, इससे जहां जलीय जीवों के जीवन पर संकट के बादल छाए हैं, वहीं शहरवासियों पर भी चिंता की लकीरें खिंच रही है। आरोप हैं कि नदी को नगर पालिका ने गंदा कर रखा है, लेकिन इस ओर न तो नगर पालिका का ध्यान है और न ही जिला प्रशासन का। गंभीर विषय तो यह है कि इसे बंद करने के लिए किसी ने भी पहल नहीं की है। इससे मुड़ना दूषित हो चुकी है।

### कानून के विद्यार्थी ने गर्भवती महिला के लिए किया रक्तदान

छतरपुर। जिला अस्पताल में इलाजरत गर्भवती महिला के लिए युवा समाजसेवी ने रक्तदान किया। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया कि पूनम पत्नी राहुल भदौरिया निवासी बल्देवगढ़ पिछले चार दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती है। चूंकि उसके शरीर में रक्त की कमी थी इसलिए चिकित्सकों ने परिजनों को रक्त की व्यवस्था करने के लिए कहा था। परिजनों को दो यूनिट एबी प्लस रक्त की आवश्यकता थी। जब यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप के माध्यम से कानून की पढ़ाई कर रहे युवा राहुल रैकवार को मिली तो उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करते हुए परेशान परिवार की मदद की।



### जिये सिंधी सेवा समिति ने गरीबों को वितरित किये गर्म कपड़े

**धनपुरी।** समाजसेवी संस्था जिये सिंधी सेवा समिति द्वारा वार्ड नं.-20 में बेहद गरीब व असहाय परिवारों ठंड से बचने के लिये कम्बल एवं बच्चे बच्चियों व वरिष्ठ जनों को चप्पल, जूते एवं मोजे का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्षता श्रीमति काजल ग्वालानी ने इस अवसर में कहा कि जैसा कि सब जानते हैं कि ठंड का समय चल रहा हैं तो उस परमात्मा ने हम लोग को इतना योग्य बनाया है की जो गरीबों व असहाय लोगों के लिए हम करे आज हम सब इक्कठा हुए है, गरीबों में कम्बल, जूते, मोजे, चप्पल का योगदान करने हमारी संस्था हमेशा कुछ न कुछ जैसे वृद्ध, असहाय लोगों के लिए करती है, आगे भी सभी बहनों, भाइयों से निवेदन है कि मिलजुलकर नए-नए अच्छे सामाजिक कार्य करते रहे। धनपुरी बुढ़ार संघ के अध्यक्ष अनिल रूचंदानी ने कहा कि यह हम सब का सौभाग्य है कि हम किसी के काम आ सके, किसी का थोड़ा सा भी सहयोग कर सकें। अनिल रुचन्दानी ने इस अवसर के लिए धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमति रविन्द्र सिंह कौर को भी आने के लिए धन्यवाद दिया। वार्ड के पार्षद आनंद कचरे का भी हृदय से धन्यवाद व अभिनन्दन किया। इनकी रही उपस्थिति कार्यक्रम में भीमन नांकवानी, राजू गिडवानी, राजेश पंजवानी, धर्मेंद्र केवलानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू लाल, प्रदेश सहसचिव रीता राजवानी, बुढ़ार-



# पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय में विकसित भारत पर हुई परिचर्चा

शहडोल।

पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय में 23 दिसंबर को विकसित भारत 2047 पर परिचर्चा का आयोजन कुलगुरु प्रो. रामशंकर के निर्देशन में स्कूल ऑफ लॉ एंड सोशल जस्टिस विभाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो. गीता सराफ एलएल.एम.कोर्स कोआर्डिनेटर द्वारा अपनी परिचर्चा में कहा गया है कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी देश हित में कार्य करने का संकल्प लेकर प्रतिदिन अपनी जिम्मेदारी को पूरा करे। मानवीय मूल्यों का ध्यान रखते हुये प्राकृतिक संसाधन का उपयोग आर्थिक विकास के साथ पोषणीय विकास के नियमानुसार किया जाना चाहिए। देश के सुदूर एवं पहाड़ी क्षेत्र के लोगों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से जोड़ना होगा।

एल एल. एम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र सौरभ तिवारी ने कहा की सभी महिला कृषकों एवं उद्यमी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिससे इस क्षेत्र में भी बडी संख्या में महिलाओं के आगे आने की सम्भावना है, इससे देश की जीडीपी निश्चित ही बढ़ेगी। एल.एल.एम. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा इंदू वर्मा ने कहा कि गाँव के लोगों को शहरी नागरिकों जैसी सुविधायें सरकार उपलब्ध करवाये जैसे सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने से निश्चित ही हम 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगें। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान से डॉ. अनुराग पटेल, डॉ. संजलि गुप्ता, एलएल.एम.से डॉ. गीता आठनेरे के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलता पूर्ण संचालन सहायक प्राध्यापक दयाशंकर तिवारी द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### दर्शनार्थियों को पीने के लिए पानी उपलब्ध करवाने के निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने बताया कि 26 दिसम्बर को समय प्रातः 8 बजे सायं 5 बजे तक अगहन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्री सद्गुरू कबीर धर्मदास साहब वंशावली, प्रतिनिधि सभा, दामाखेडा, जिला रायपुर सहित श्रद्धालुओं द्वारा बांधवगढ़ किले में स्थित कबीर गुफा तक 'कबीर दर्शन यात्रा' की जायेगी। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री, कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर को यात्रा के स्थान पर पीने के पानी का टैंकर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

**स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा हो उपलब्ध-** श्री सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशावली, प्रतिनिधि सभा, दामाखेडा, जिला रायपुर सहित श्रद्धालुओं द्वारा बांधवगढ़ किले में स्थित कबीर गुफा तक कबीर दर्शन यात्रा की जायेगी । उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी से कहा है कि आवश्यक किट के साथ चिकित्सकों का एक दल की ड्यूटी लगाया जाना सुनिश्चित करें।

### मोटर साइकिल से जा रही महिला गिरने से घायल अस्पताल में भर्ती, इलाज जारी



**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी थाना अंतर्गत जैतहरी स्थित उदय उम्र 21 वर्ष, राधाबाई उम्र 45 वर्ष जो की मोटरसाइकिल से जा रहे थे, मोटर साइकिल उदय चला रहा था उसी समय राधाबाई पीछे बैठी थी जो कि अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे इन्हें गंभीर चोटें आई इसके उपचार हेतु इन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में भर्ती कराया गया जहां से इन्हें बेहतर उपचार हेतु अनूपपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां घायल महिला का उपचार जारी है।

### बोलेरो ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर, दोनों घायलों का इलाज जारी



**अनूपपुर।** जिले अतुल व मोनू केवट अपने निजी काम से बिजुरी की ओर जा रहे थे वहीं ग्राम नगाड़ा बांध के पास सामने से आ रही अज्ञात बोलेरो वाहन ने ठोकर मार दी जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार हेतु इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां से बेहतर उपचार हेतु इन्हें अनूपपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां दोनों का इलाज जारी है।

### आज के परिप्रेक्ष्य में गीता सबसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ है: निर्विकल स्वरूप

**सिवनी।** दुःख की आत्यंतिक निवृत्ति और परमानंद की प्राप्ति ही मोक्ष है, मोक्ष होने पर निरतिसुख की प्राप्ति होती है और इसे प्राप्त करने के लिए गीता-सुगीता करना चाहिए अर्थात भगवद्गीता को अर्थ सहित भलीभाँति समझ कर अपने अपने जीवन में उतारना चाहिए। उक्ताशय के उदगार स्मृति लॉन में गीता जयंती महोत्सव में गीता मनीषी पूज्य ब्रम्हचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने गीता सत्संग के दौरान व्यक्त किये प्रवचन माला की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए निर्विकल्प जी ने कहा कि कलियुग में आलस्य बहुत हो जाएगा यह सोच कर भगवान ने सरलता से ज्ञान प्राप्ति के लिए अर्जुन को माध्यम बना कर सारे वेद शास्त्रों का सार गीता के रूप में मोक्षदा एकादशी के दिन कुरुक्षेत्र की भूमि में पांडव रूपी सद्वृत्ति और कौरव रूपी दुरवृत्ति के बीच प्रस्तुत कर दिया। भगवान के मुख कमल से यह ग्रन्थ प्रकट हुआ है भगवद्गीता एक मात्र ऐसा ग्रन्थ है जिसकी जन्म जयन्ति मनाई जाती है, साक्षात कृष्ण ही गीता के रूप में प्रकट हुए हैं यह भगवान की वांग्मय मूर्ति है, गीता एक दर्शन है जिसके फलस्वरूप जीव अपने स्वभाविक स्वरूप को जान लेता है, उसी को जानने के लिए गीता का यह छटवां अध्याय जिसने आत्म संयम योग का संदेश भगवान ने दिया था यही इस वर्ष सत्संग का विशेष विषय है, जिस पर ही यह सप्त दिवसीय आयोजन गीता पराभक्ति मंडल के यजमानत्व में चल रहा है।

# कटघरे में पंचायत की आडिट प्रक्रिया

## चोरी की रेत से हुआ निर्माण, प्राक्कलन बोर्ड भी नदारद

### चोरी की रेत से हुआ निर्माण, जनपद के मुखिया ने जांच का दिलाया भरोसा

जिले की गोहपारू जनपद की पंचायतों में शासकीय निर्माण कार्य में चोरी की रेत का उपयोग किया गया हैं, यह रेत बिना रायल्टी के बहुत सस्ते में खरीद कर फर्जी बिल पंचायत में लगाये गये हैं, जिससे वेण्डरों को तो फायदा मिल रहा है, लेकिन सरकार को राजस्व की हानि हुई है।



शहडोल।

वहीं क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन को भी बढ़ावा मिल रहा है। यह मामला गोहपारू जनपद की ग्राम पंचायत मलमाथर का है, यहां के सरपंच-प्रभारी सचिव ने वेण्डर के साथ मिलकर फर्जी रेत के बिल का भुगतान किया गया है, आरोप हैं कि पंचायत में बीते माहों में खनिज निर्माण के नाम पर लाखों के फर्जी बिल लगाये हैं, स्थानीय लोगों ने पंचायत के भ्रष्टाचार के मामले की शिकायत जनपद से लेकर कमिश्नर कार्यालय से फरियाद लगाई है, लेकिन आज तक भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही नहीं हो सकी।

**ऊपर तक देना पड़ता है पैसा**

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं में मनरेगा से निर्मित मीनाक्षी तालाब भी सरपंच, प्रभारी सचिव ने भ्रष्टाचार करते हुए सरकारी राशि का बंदरबाट किया है, मस्टररोल में फर्जी मजदूरों के नाम दर्शाकर हितग्राही को मीनाक्षी तालाब के नाम पर शासकीय राशि की चपत लगाई गई। हालांकि इस संबंध में हितग्राही द्वारा आलाधिकारियों को शिकायत प्रेषित की गई थी, लेकिन शिकायत रद्दी की टोकरी से बाहर नहीं आ रही है। शिकायत में कुसुम सिंह ने बताया था कि उनके मीनाक्षी तालाब निर्माण पर फर्जी मस्टर रोल तैयार कर लगभग 24 हजार रूपये हड़प लिए गये, जब हितग्राही ने पंचायत के जिम्मेदारों से जानकारी चाही तो, उन्होंने कहा कि ऊपर तक पैसा देना पड़ता है।

**प्राक्कलन बोर्ड नहीं**

ग्राम पंचायत मलमाथर में प्राक्कलन का बोर्ड लगाए बगैर ही विभिन्न योजनाओं के कार्य कराए जा रहे हैं। कार्य स्थल पर प्राक्कलन से संबंधित बोर्ड नहीं लगाए जाने की वजह से लोगों को कार्य की पूर्ण जानकारी नहीं मिल पाती है। ऐसे में संवेदक मनमाना ढंग से कार्य करते हैं। कई लोगों ने बताया कि कार्य से पूर्व बोर्ड लग जाने की स्थिति में लोग वहां हो रहे कार्यों की गुणवत्ता सहित अन्य चीजों को देखने लगते हैं। इससे बचने के लिए संवेदक द्वारा कार्य से पूर्व बोर्ड नहीं लगाया जाता है। जबकि प्रावधान के मुताबिक कार्य शुरू करने से पूर्व स्थल पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है। इसमें निर्माण से संबंधित सारी जानकारी देनी होती है, 30 जून से जिले की रेत खदान बंद है एवं 30 सितम्बर से रेत भण्डारण भी जिले में नहीं है, लेकिन बीते माहों में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं, उसमें चोरी की रेत की सप्लाई हुई है।

**प्रभारी सचिव के हौसले बुलंद**

मलमाथर पंचायत के विकास के लिए दर्जनों कार्य स्वीकृत हुए है, निर्माण कार्य में लाखों की राशि खर्च भी हो चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की सामग्री का उपयोग हुआ है, साथ ही वेण्डरों के साथ मिलकर प्रभारी सचिव ने चोरी के खनिज से निर्माण कार्य करवाया है, जिससे पंचायत में निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहे हैं, बीते दिनों जिला पंचायत के मुखिया ने शिकायत के बाद जांच दल गठित किया था, जांच दल ने पंचायत में लगे बिलों की जांच की या नहीं यह तो, जांच का विषय है, लेकिन जनपद द्वारा स्वतः संज्ञान नहीं लिया जा रहा है, लगातार बीते माहों में फर्जी बिल लगे, कार्यवाही न होने के चलते प्रभारी सचिव के हौसले बुलंद हैं।

**नियमों की उड़ी धज्जियां**

जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बिलों के भुगतान में अनदेखी कर किसी तरह की आपित्त ना लेने से बीते वर्षो में शासन को टैक्स के रूप में मिलने वाली राजस्व की हानि हुई है। इसके अलावा पंचायत मलमाथर पंचायत में नियम विरूद्ध भुगतान भी फर्मों को किये गये हैं, चर्चा है सरपंच, प्रभारी सचिव द्वारा चहेती फर्मों को सीधा लाभ पहुंचाया गया है, हालाकि इस मामले में जांच से भ्रष्टाचार की परत खुल सकती है।

**कटघरे में ऑडिट प्रक्रिया**

ग्राम पंचायत मलमाथर में जिस तरह से फर्जी बिलों के माध्यम से राशि निकाली गई है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंचायत में होने वाला ऑडिट किस तरह से हुआ है और ऐसे भुगतानों पर ऑडिट में भी कोई आपित्त नहीं ली गई, ग्राम पंचायत में भण्डार क्रय नियमों का भी माखौल उड़ाया गया है, लेकिन जिन्हें नियम का पालन करना था एवं जिन्हें नियम पालन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, दोनों ने ही आपस में सांठ-गांठ कर शासन की राशि की जमकर होली खेली है, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी वरिष्ठों को नहीं है, चर्चा है कि समय-समय पर होनी वाली सेवा के चक्कर में शायद वह कार्यवाही की हिम्मत नहीं जुटा पाये।

**नहीं अपनाई जाती प्रक्रिया**

किसी भी सप्लायर्स को सामग्री सप्लाई के लिए लायसेंस, जीएसटी नंबर सहित अन्य प्रक्रिया अपनानी जरूरी है, उसके बाद ही वह सामग्री की सप्लाई कर सकता है, लेकिन मलमाथर पंचायत में फर्जी बिलों की आड़ में बीते वर्षो में लाखों रुपए के फर्जी बिल लगाये गये हैं, मजे की बात तो यह है कि पंचायत में बीते वर्षो के दौरान जितनी रेत खरीदी गई है, अगर उनके बिलों की सिर्फ जांच हो जाये तो, सरपंच, प्रभारी सचिव सहित उपयंत्री द्वारा किया गया मूल्यांकन भी कटघरे में नजर आयेगा, लेकिन जिम्मेदारों के मिले संरक्षण के चलते पंचायत में लगे बिलों की जांच नहीं हो पा रही है, स्थानीय ग्रामीणों ने संभागायुक्त से मांग की है कि पंचायत में बीते वर्षो के दौरान हुए भुगतानों की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

**इनका कहना है...**

अगर रेत खदान एवं भण्डारण बंद होने के बाद रेत खरीदी गई है और सप्लाई हुई है, दोनों गलत है, आप हमें दस्तावेज उपलब्ध करायें जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**वेदमणि मिश्रा**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत, गोहपारू**




## विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान युवाओं ने किया दीवार लेखन

उमरिया।


विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य व जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी के निर्देशन एवं जन अभियान परिषद के जिला अधिकारी रवींद्र शुक्ला के मार्गदर्शन पर एमसीएमसी डीपी छात्र हिमांशु तिवारी के द्वारा ग्राम पंचायत मुदरिया में दीवार लेखन कर ग्रामीण वासियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी प्रदान कर दीवारों में जन-जन को बताना है विकसित भारत संकल्प यात्रा में जाना है, नारे लिखे लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता निभाने दे रहे आमंत्रण। जन अभियान परिषद जिलाधिकारी रविंद्र शुक्ला ने बताते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक सरकारी पहल है जो आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, पीएम स्वनिधि आदि जैसी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए पूरे देश में चलाई जा रही है।

हिमांशु तिवारी ने ग्रामीणों को बताते विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि विकसित भारत/2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दृष्टिकोण आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करता है। दीवार लेखन के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी सिंह, खुशी सेन, शिखा बर्मन एवं सभी उपस्थित रहे।

## माफिया, दलाल तान रहे अवैध कालोनियां, प्रशासन पंगु बना बैठा

# वार्ड नंबर 16 में चल रही तैयारी, कार्रवाई का पता नहीं






शहडोल।

अवैध कालोनाइजिंग के इस खेल में प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है। बताते हैं कि कालोनाइजिंग व प्लाटिंग के गोरखधंधे में लिप्त लोगों के दलाल कलेक्टर की कुर्सी तक अपनी पैठ बनाए हुए हैं। उनकी सेवा खुशामद से कुर्सी के आका अपनी मौन सहमति प्रदान कर देते हैं। पूर्व में प्रशासन ने करीब 18 सौ मामले पकड़े थे लेकिन कार्रवाई किसी पर नहीं हुई। हाल ही में वार्ड नंबर 16, पटेल नगर में भी एक ऐसी ही कालोनी विकसित होने वाली है। सवाल यह है कि क्या इस कालोनी को बनाने की कोई अनुमति ली गई है, क्या कालोनी के बिल्डर इस निर्माण के लिए पात्रता रखते हैं।

**कौन हैं भगवती डेवलपर्स**

जानकारी मिली है कि शहर के मध्य स्थित पटेल नगर में भगवती डेवलपर्स नामक किसी संस्था द्वारा कालोनी विकसित की जा रही है। आखिर यह भगवती डेवलपर्स कौन है इसके कर्ताधर्ता कौन हैं, इसमें लक्ष्मण दास गिलानी, बलराम गुप्ता, शांति स्वरूप जगवानी उर्फ बब्लू के नाम है। इनमें से कालोनाइजर का लाइसेंस किसके पास है? अगर नहीं तो कालोनी का निर्माण किस तरह से किया जा रहा है। यह जांच का विषय होना चाहिए, संभाग मुख्यालय के अंदर तो कम से कम ऐसी अंधेर नहीं होनी चाहिए। कालोनी बनाने वालों की पृष्ठभूमि अवश्य पता की जानी चाहिए। बलराम गुप्ता तो एक टेंट हाउस के मालिक हैं, जबकि शांतिस्वरूप अजंता इलेक्ट्रानिक्स से संबंधित है। अब इनके द्वारा बड़े गोरखधंधे में रकम लगाकर माफिया की तरह धन कमाया जा रहा है।

**ऐसी होगी निर्माण की रूपरेखा**

राजस्व रिकार्ड के खसरा नंबर 2126 अंतर्गत जो कालोनी बनाई जा रही है उसमें 39 भवन बनाए जाएंगे साथ ही दूकानों का निर्माण भी कराया जाएगा। इस भूमि को अर्जित करने में भी धांधली की गई है। पूरे रिकार्ड की जांच पड़ताल की जानी चाहिए। हैरानी की बात यह है कि यहां रियल स्टेट रेग्यूलेटर एक्ट में पंजीयन कराने की जरूरत नहीं समझी जा रही है और उसकी प्लानिंग अंतिम दौर पर पहुंच चुकी है, भवनों और दूकानों की बुकिंग भी चालू कर दी गई है। इसी से ज्ञात होता है कि इस प्रोजेक्ट पर कितनी तेजी से काम चल रहा है। जबकि प्रशासन कान में उंगली डालकर शांत बैठा है।

**सुविधाओं का पता नहीं**

अभी तक जितनी भी शहर में कालोनियां बनाई गईं हैं उनमें प्रावधानों का पालन कम ही किया गया है। सडक़, नाली, प्रकाश व पार्क आदि की प्रावधान पूरा नहीं किया जाता है। इसके अलावा श्रमिकों की सुरक्षा के लिए जमा किया जाने वाला कर्मकार सुरक्षा शुल्क भी जमा नहीं किया जाता है। कालोनी का निर्माण भी गुणवत्तापूर्ण नहीं रहता है। कमरों का आकार प्रकार ऐसा होता है कि रहने वाले का मन कुछ दिन बाद घुटने लगता है जबकि उससे लाखों में भारी भरकम रकम वसूली जाती है।

**दलालों का पिट्ठू बना प्रशासन**

जानकार लोगों का मानना है कि माफिया के लोग अपने दलाल जो कुछ नेता किस्म के होते हैं उन्हे पाल कर रखते हैं उनका काम प्रोजेक्ट की जानकारी अफसर तक पहुंचाना और उस पर सौदा तय कराना तथा उसमें अनुमति दिलाना होता है। ऐसे दलाल अक्सर अफसरों के आसपास घूमते दिखाई पड़ जाते हैं। अफसर विभागीय प्रावधानों से भी अधिक भरोसा इन पर करते हैं और कई अधिकारी तो इनके साथ भोज में भी शामिल होते हैं। जब कालोनी के आवासों की बिक्री होती है तो कालोनाइजर सारा खर्च क्रेता से वसूल लेने का प्रयास करते हैं।

**इनका कहना है...**

ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम एवं शहरी क्षेत्र में कार्यवाही का अधिकार कलेक्टर के पास है, कागज उपलब्ध होने के बाद हम कार्यवाही के लिए पत्र लिखेंगे।

**नागेश पन्द्रो**
**उप संचालक ग्राम तथा नगर निवेश,**

# थाने में दो अलग-अलग मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज

कोतमा।




थाने में दो अलग-अलग इंसानों के गुमने का मामला सामने आया है पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। पहले मामले मे नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी मनोरमा केसरवानी ने शनिवार को थाने में शिकायत दर्ज करवाया कि 22 दिसंबर की सुबह 8 बजे उसका पति आशीष गुप्ता 31 वर्ष घर से अपने पिताजी का इलाज करवाने के लिए निकला था लेकिन घर वापस नहीं आया उसका मोबाइल भी बंद बता रहा है। काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला। दूसरे मामले मे नगर के अनिल सोनी पिता बाबूलाल सोनी ने शनिवार को थाने में शिकायत दर्ज करवाया कि 51 वर्षीय उसका बड़ा भाई मनोज सोनी 14 दिसंबर की रात्रि 9 बजे घर से बाजार के लिए निकला था जो वापस नहीं आया मानसिक रूप से वह कुछ विक्षिप्त है। काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने गुम इंसान का मामला कायम करते हुए जांच में लिया है।

**आपसी रंजिश मे गाली गलौज व मारपीट का मामला कायम**

थाना अंतर्गत पिपरिया गांव निवासी सुंदरिया बाई रैदास 60 वर्ष ने शनिवार रात्रि में थाने में शिकायत दर्ज करवाया कि उसके पड़ोस में रहने वाली मालती रविदास ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया है। फरियाद दिया ने पुलिस को बताया कि उसकी पड़ोसी मालती रैदास ने पड़ोस में दशगात्र था जिसके लिए अपने घर में लगे बोर से उसके खलिहान होकर पानी की पाइप दी थी पानी का पाइप काटा था जिससे पानी लीकेज हो रहा था तो उसने वहां पर तसला रख दिया इसी बात को लेकर मालती रैदास ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध धारा 294, 323, 506 आईपीसी का मामला कायम कर विवेचना में लिया।

# नियमों का माखौल उड़ाते हुए चल रहे मॉल, मैरिज गार्ड व होटल, जिम्मेदार मौन

**शहर व उपनगरीय क्षेत्र में होटल, मैरिज गार्ड, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, स्कूल व कॉलेजों का निर्माण ना सिर्फ मनमाने तरीके से हुआ है बल्कि ज्यादातर भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के साधन नहीं हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

यदि हैं भी तो नाकाफी हैं। हैरानी की बात तो यह है कि भवनों में आपात निकासी की भी व्यवस्था नहीं है। नेशनल बिल्डिंग कोड का भी पालन नहीं किया गया है। यह शहर में बगैर फायर एनओसी के धड़ल्ले से चल रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश पर नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के भाग-4 की कंडिका 1.2 के तहत नेशनल बिल्डिंग आने वाले भवनों मे अग्निशमन सुरक्षा उपायों को लागू करने, प्रावधान अनुसार उपकरणों की स्थापना करते हुए एवं फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करना आवश्यक किया गया है।

सभी संस्थाओं को पूर्व में फायर एनओसी के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कारोबारियों ने ध्यान नहीं दिया है। शासन के निर्देशों का पालन नहीं करने पर 500 रुपए की दर से राशि वसूली का प्रावधान किया गया है।

**पग-पग पर नियमों की अनदेखी**

निजी स्कूल, कॉलेज, शॉपिंग काम्पलेक्स, होटल, मैरिज गार्डन लोगों ने मनमाना चार्ज वसूल करते हैं, लेकिन सुरक्षा व सुविधा की जमकर अनदेखी कर रहे हैं। पग-पग में नियमों का माखौल उड़ रहा है। नगर नपा से स्वीकृत नक्शे को ताक पर रखकर स्वीकृत एरिया से ज्यादा में निर्माण कर लिया, जबकि कई भवनों के निर्माण में पार्किंग की जमीन पर भी निर्माण कर लिया गया। इतना ही नहीं सीलिंग की ऊंचाई, आसपास के भवन, विद्युत लाइन से दूरी का भी ध्यान नहीं रखा गया। कंपाउंडिंग के नाम पर भी जमकर मनमानी का खेल हुआ है। इनमें फायर प्लान, फायर ऑडिट रिर्पोट, इलेक्ट्रिक ऑडिट रिर्पोट, स्वामित्व, शपथ पत्र आदि की जमकर अनदेखी हो रही है।

## खबर संक्षेप




### चुनाव के अभाव में भ्रष्टाचार का शिकार क्रेडिट सोसायटी

**धनपुरी।** बुढार एंड अमलाई कालरीज सहकारी समिति को भांग हुए 1 साल से अधिक हो गया भंग होने के बाद प्रशासक के देखरेख में सोसायटी संचालित थी बताया जाता है कि सोसायटी भंग होने के 6 माह के बाद पुनः चुनाव होना चाहिए लेकिन चुनाव न होने से सोसायटी का समय पर काम नहीं होता है और लोन धारक समय पर रकम प्राप्त न होने से परेशान होता है। सोसाइटी धारकों की माने तो वर्तमान समय में सोसायटी प्रबंधनकी मिलीभगत के चलते सोसायटी में रिश्वत लिए बिना लोन का फॉर्म ही नहीं भरा जाता। रिश्वत न मिलने पर आवेदक को तरह-तरह की कमी बताकर परेशान किया जाता है।अगर प्रशासक सोसायटी में चल रहे लेन देन की ओर ध्यान दें तो भस्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। पूर्व पुलिस अधीक्षक के द्वारा सूद खोरी अभियान चलाया गया था जिसके तहत सोसायटी के कर्ताधर्ता को भी जेल की हवा खानी पड़ी थी इसके बाद भी सीख लेनी की बजाए फिर सोसायटी में भस्टाचार मचा हुआ है। सारा खेल 6-6 माह में लोन भरने का वायलाज जो बनाया गया है इस वायलाज को खत्म कर के पूरा लोन पटने के बाद ही दुबारा लोन दिया जाए जिससे सूद खोरी का खेल समाप्त हो जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, वरिष्ठ श्रमिक नेता राम सिंह का कहना है कि सोसायटी मे पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी सूदखोरो के रंग में रंग जाते हैं जिससे वर्षो से बने बायलाज का संशोधन नहीं कर पा रहे हैं सहकारी संस्था द्वारा हर छह माह में कालरी क्रेडिट सोसाइटी से संबंधित बायलाज के नियम उप नियम में संशोधन किया जाना चाहिए जिससे हो रहे श्रमिकों का शोषण पर अंकुश लग सके।

### ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मनायेगा अटल जी का जन्म दिन

**रीवा ।** ऑल इण्डिया फारवर्ड व्लाक के अनुसूचित जाति मंच के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साकेत, नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आज सेमरिया के ग्राम पंचायत पड़रिया के ग्राम गड़रिया में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं.अटल बिहारी वाजपेयी जी का 99वे जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। नेताद्वय ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता भी उपस्थित रहेगे। मोतीलाल साकेत, नागेन्द्र सिह कल्चुरी, राजकुमार कोल, पूजा कोल, रामजी साकेत, शिवकुमार कोल, भइयालाल कोल, रामगोपाल कोल ने अटल जी के जन्म दिन के अवसर पर समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर होगा विराट कवि सम्मेलन

**मऊगंज।** जिले के ग्राम पंचायत खटखरी मै दिनांक 25 दिसंबर 2023 को शाम पांच बजे से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विंध्य के जाने-माने कवि शिरकत करेंगे, एंव अटल बिहारी वाजपेई के जंयती के परिपेक्ष्य मे काव्य पाठ करेंगे।

### शशांक त्रिपाठी ने 11वें दिक्षांत समारोह में अर्जित किया स्वर्ण पदक

**रीवा ।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 11वें दिक्षांत समारोह के अवसर पर एल.एल.एम.अंतिम वर्ष के छात्र शशांक त्रिपाठी कुलपति स्वर्ण पदक अर्जित कर विश्वविद्यालय का नाम गौरान्वित किया। गौरतलब है कि शशांक त्रिपाठी एल.एल.एम. लॉ डिपार्टमेन्ट यू.टी.डी.से अंतिम वर्ष 2023 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक कुलाधिपति के हांथो प्राप्त किया।

# जो हैं कालरी मैनेजमेंट के खास, उन्हें ही मिल रहा आवास

**एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत 1 दर्जन से अधिक श्रमिक कॉलोनियों के लगभग 6 हजार 500 आवासीय क्वार्टर्स में किसका वास है, यह सवाल बहुत ही खास है, क्योंकि पर्सनल विभाग से कुल 3000 कर्मचारी आवास ही अधिकारी-कर्मचारियों एवं श्रम वीरों के नाम पर पास (आवंटित) हैं।**





धनपुरी।

मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को विश्वास है कि शेष आवासों में उन्हीं लोगों और रिटायर्ड कर्मचारियों का अवैध कब्जा और निवास है जो कालरी अधिकारी-कर्मचारियों के चहेते या खासमखास हैं। श्रम संगठनों के पदाधिकारियों के साथ ही आमजन इस बात से निराश हैं कि एरिया के मुख्य महाप्रबंधक इन सब बातों से अनजान वातानुकूलित कार्यालय कक्ष के मोहपाश में गिरफ्तार हैं।"

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर एरिया के तकरीबन एक दर्जन आवासीय कालोनियों के हजारों क्वार्टरों में पिछले कई वर्षों बल्कि दशकों से अनधिकृत व्यक्तियों का अवैध कब्जा बरकरार है। इन आवासीय क्वार्टर्स और कालोनियों में अवैध कब्जे की जानकारी न सिर्फ मैनेजमेंट के लोगों बल्कि शासन प्रशासन के ओहदेदारों को भी है लेकिन अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं हो सकी परिणाम स्वरूप बेजा कब्जे का दौर निरन्तर जारी है।

### चहेतों का बेजा कब्जा

सोहागपुर कोयलांचल अंतर्गत कोयला खदानों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों, अधिकारियों और श्रम वीरों तथा उनके परिजनों के रहने के लिए तकरीबन एक दर्जन कालोनियां एसईसीएल द्वारा बनवाई गई जिनमें लगभग 6500 क्वार्टर बने हुए हैं इनमें से मात्र 3000 आवासीय क्वार्टर ही कर्मचारियों को पर्सनल विभाग द्वारा आवंटित किए गए क्योंकि अब सोहागपुर कोयला चल में कर्मचारियों की संख्या अधिक नहीं रह गई है। कुल 3700 कर्मचारी ही शेष हैं जिनमें से लगभग 3000 कर्मचारियों को आवास दिया गया है। कालोनियों के शेष आवासों में पुराने रिटायर्ड कर्मचारियों एवं मैनेजमेंट से जुड़े लोगों के चहेते व्यक्तियों का अवैध कब्जा बरकरार है जिनमें वह रहने के साथ ही विभिन्न व्यवसाय को भी संचालित कर रहे हैं।

### प्रमुख कॉलोनियां

शहडोल जिले के सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल द्वारा बनाई गई श्रमिक कालोनियों में संजय नगर कॉलोनी ,विवेक नगर कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी ,(खुटवा) रेलवे कॉलोनी ,हॉस्पिटल कॉलोनी, चीप हाउस कॉलोनी, बंगवार कॉलोनी, अरझुला कॉलोनी, रुंगटा कॉलोनी, धनपुरी नंबर 1 कॉलोनी, अमलाई कॉलोनी, धनपुरी नंबर 3 कॉलोनी, फिल्टर प्लांट कॉलोनी प्रमुख हैं। इन कॉलोनियों में ऐसे कई कर्मचारी हैं जिन्होंने कालरी से रिटायरमेंट होने के बाद भी क्वार्टर खाली नहीं किया है। कालरी के रूल के अनुसार रिटायरमेंट के बाद क्वार्टर खाली नहीं करने वाले कर्मचारियों की 20 लाख रुपए ग्रेज्यटी रोकी भी जाती है जिसके मजबूरी में क्वार्टर खाली करना पड़ता है लेकिन ऐसे कई दबंग कर्मचारी हैं जिन्होंने आज भी क्वार्टर खाली नहीं किया और कालरी का मुफ्त में बिजली पानी अन्य सुविधाएं ले रहे हैं। ऐसे कई होंगे जो कि 10-20 वर्षों से अवैध रूप से क्वार्टर में रह रहे हैं।

### दुकान खोलकर कमाई

संजय नगर, विवेक नगर, रुंगटा कालोनी, बंगवार कालोनी, हास्पिटल कालोनी, अरझुला कॉलोनी, 1 नंबर, 2 नंबर, 3 नंबर, कालोनियों में ऐसे कई दुकान खुले हैं जहां कालरी के बिजली की चोरी कर दुकान संचालित कर रहे हैं। कंपनी का लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है काली प्रबंधन साल में कभी कभार बिजली चोरी रोकने के लिए कार्यवाही करती है लेकिन ठोस कार्यवाही ना होने के चलते बिजली चोरी पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है बताया जाता है कि कोल कंपनी को बिजली चोरी के जरिए करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ता है।

### भुगतान रहे श्रमवीर

श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार आई आर के माध्यम से प्रबंधन को क्वार्टर एलॉटमेंट ना होने के चलते कर्मचारी को क्वार्टर नहीं मिल पाता जिससे दूरदराज आवास होने के चलते वह समय पर ड्यूटी नहीं कर पाते जिससे कंपनी का कोयला उत्पादन भी प्रभावित होता है। बताया जाता है कि बुढार ग्रुप माइंस में कार्मिक प्रबंधक के पास कई क्वार्टर एलॉटमेंट के आवेदन कई माह से पड़े हुए हैं जिससे कर्मचारियों को क्वार्टर नहीं मिल रहा है।

### अवैध कमाई का जरिया

आरोपित किया गया है कि चाय पान ठेला दुकानों से क्वार्टर अलाटमेंट का कारोबार किया जा रहा है। सुविधा शुल्क देने के बाद तय होता है कि क्वार्टर किसको देना है। सुविधा शुल्क न मिलने पर डिस्मेंटल के कगार में पहुंच चुके कालरी क्वार्टरों को कर्मचारियों को दे दिया जाता है और जो सुविधा शुल्क दे देते हैं उन्हें मनपसंद क्वार्टर प्राप्त हो जाता है, कर्मचारियों के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार कालरी के कार्मिक प्रबंधक कर रहे हैं।

### किराए का धंधा

कॉलोनियों में ऐसे कई क्वार्टर खाली पड़े हैं जिसमें दूसरे के नाम पर कोई दूसरा रह रहा है या अपने नाम से एलाटमेंट करा कर दूसरे को किराए पर दे दिया जाता है जिसका सर्वे कालरी द्वारा कभी नहीं कराया जाता। एक क्वार्टर अलॉटमेंट के नाम पर अंदर ही अंदर दूसरे क्वार्टर को भी जोड़कर इस्तेमाल कर रहे हैं। अवैध कब्जाधारियों के द्वारा क्वार्टरों में अवैध रूप से रहे रहे हैं और मुक्ति का बिजली पानी एसी तक लगा रखे है जिसके वह इन टाइटल भी नहीं है। कार्मिक प्रबंधक के द्वारा कभी भी जांच पड़ताल कहीं कराई जाती।

### लापरवाह प्रबंधन

बताया जाता है कि एरिया महाप्रबंधक भी कोयला उत्पादन तक ही सीमित हैं। श्रमिकों की सुविधाओं से उन्हें कोई लेना देना नहीं है तभी तो जिन श्रमिकों को क्वार्टर की आवश्यकता है ऐसे श्रमिकों को क्वार्टर आवंटित नहीं किया जा रहा है और अवैध रूप से लोग क्वार्टरों में रह रहे हैं और बिजली पानी क्वार्टर का उपयोग कर रहे हैं कंपनी को भारी क्षति हो रही है जिस पर कालरी प्रबंधन किसी तरह का कारवाही नहीं की जाती।

## टाटा ग्रीन बैटरीज का ओम साई राम एजेन्सी के साथ डीलर मीट आयोजन रीवा में हुआ संपन्न

रीवा

टाटा ग्रीन बेटरीज ने ओम साई राम एजेन्मी के साथ डीलर मीट का आयोजन रीवा के रामा पैलेस में संपन्न हुआ जिसमें टाटा ग्रीन बैटरीज से रीजनल मेनेजन अजीत चौबे ब्रांच मेनेजर शैलेन्द्र मिश्रा, एरिया इंचार्ज बालेश्वर सिंह सिसोदिया, मध्य प्रदेश हेड पियूस बिडला एवं ओम साई राम एजेन्सी के आनर यज्ञ नरायन गुप्ता जी के मार्गदर्शन में 90 से ज्यादा डीलर सक्रिय रूप से भाग लिया। खुदरा विक्रेताओं के लिए टीजी कनेक्ट पॉइंट्स, टीजीवाए 2.0, वीआईपी क्लब के माध्यम से उपनगरीय बाजारों में सर्विस पॉइंट्स का विस्तार, टीजीवाए कनेक्ट प्लस के द्वारा पॉइंट्स स्कीम,सर्वोत्तम गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी कीमतों के साथ ऑडी, बीएमडब्ल्यू, फॅर्च्यूनर आदि जैसे उच्च-स्तरीय वाहनों के लिए हाई-एंड डिन बैट्री सीरीज़ लॉन्च की गई। टाटा ग्रीन बैटरी के वितरक ओम साई एजेंसी रीवा एंड टीजीवाए टीम द्वारा शानदार डीलर मीट में रीवा संभाग से अलग अलग-अलग क्षेत्रो से 10 से ज्यादा डीलरों को सम्मिलित किया गया और टाटा ग्रीन बैटरी के बारे में पेपर लेस वारंटी एवं स्कीम के बारे में डीलरों को आवगत कराया गया सभी डीलर और टीम अब तक की सबसे अधिक डिलीवरी करने और इस ब्रांड को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हुए !




## मन को आनंद देने वाली शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ - स्वामी ऋतेश्वर

### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय विन्ध्य में शिक्षा की अलख जगा रहा - राज्यपाल







**युवा समाज और देश के विकास में योगदान दें - राज्यपाल**

**युवा अपना भविष्य बनाने के साथ समाज और देश के प्रति कत्र्तव्य भी निभाएं - उप मुख्यमंत्री**

रीवा !

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का 11वां दीक्षांत समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वृंदावन के आनंद पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी ऋतेश्वर ने विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि मन को आनंद देने वाली शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ है। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और सनातन धर्म का मेल कराकर नई तरह की शिक्षा देने के लिए शीघ्र ही सनातन विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। समारोह में राज्यपाल तथा कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को पदक तथा उपाधि प्रदान की। समारोह का आयोजन पंडित शंभुनाथ शुक्ल सभागार में किया गया। समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल तथा अन्य अतिथियों के साथ विश्वविद्यालय के आचार्यों ने शोभा यात्रा निकाली। समारोह में विश्वविद्यालय की पत्रिका दीक्षा पर्व, पुस्तिका विन्ध्य भारती और दीक्षांत प्रोफाइल का विमोचन किया गया।

समारोह में कुलाधिपति श्री पटेल ने कहा कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय विन्ध्य में शिक्षा की अलख जगा रहा है। शिक्षा विकास का आधार है। शिक्षा ही हमें कत्र्तव्यों का भान कराकर श्रेष्ठ नागरिक बनाती है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा देने के साथ-साथ रोजगार मूलक पाठक्रम भी संचालित करे जिससे युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को नई शिक्षा नीति तथा रोजगार के अवसर देने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। सभी युवा समाज और देश के विकास में सहभागी बनें। विद्यार्थी का जीवन अनुशासित होना चाहिए। बिजली और पानी की बचत करके भी हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। सभी विद्यार्थियों को मैं उज्ज्वल भविष्य और अच्छी सफलता की शुभकामना देता हूं। विद्यार्थी बड़ी से बड़ी सफलता पाने के बाद भी माता-पिता की सेवा करना न भूलें।

समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षा विकास का आधार है। युवा अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। अपना भविष्य संवारने के साथ समाज और देश के प्रति अपना कत्र्तव्य भी निभाएं। संस्कार के बिना शिक्षा सुगंधहीन पुष्प की तरह होती है। शिक्षा तथा ऊंची सफलता प्राप्त करने के साथ हम संवेदनशील बनें। जब विद्यार्थी, शिक्षक, राजनेता, डॉक्टर, इंजीनियर और हर क्षेत्र के प्रमुख लोग देश तथा गरीबों के प्रति संवेदनशील होंगे तभी देश विश्वगुरू बनने के लिए मजबूती से आगे बढ़ेगा। सत्ता के शीर्ष में बैठे हुए व्यक्ति की संवेदनशीलता से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिनसे गरीबों तथा विकास के दौड़ में पीछे छूट गए व्यक्तियों का कल्याण हो रहा है।

समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि दीक्षांत का अर्थ शिक्षा का अंत नहीं है। शिक्षा जीवन भर प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को आज शपथ दीक्षांत समारोह में दिलाई गई है उसका पालन करते हुए देश के विकास में योगदान दें। जरूरतमंद को शिक्षा में सहयोग देकर भी युवा अपना कत्र्तव्य निभाएं। समारोह में कुलपति राजकुमार आचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रमुख गतिविधियों की भी जानकारी दी। समारोह में कला, विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, व्यावसायिक अर्थशास्त्र, विधि सहित विभिन्न विषयों के उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को उपाधि तथा पदक प्रदान किए गए। समारोह के अंत में विश्वविद्यालय के कुलपति श्री आचार्य ने अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, विश्वविद्यालय के आचार्यगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन कुलसचिव डॉ सुरेन्द्र सिंह बघेल तथा प्रोफेसर डॉ दिनेश कुशवाहा ने किया।

## शाहपुर पंचायत में आधा दशक बाद भी पानी टंकी निर्माण का कार्य नहीं हुआ पूरा

### विभाग की अनदेखी एवं ठेकेदार की मनमानी के चलते ग्रामीणों को नहीं मिल पाया योजना का लाभ

मऊगंज

नवगठित मऊगंज जिले के हनुमना विकास खंड अंतर्गत आने वाले शाहपुर ग्राम पंचायत मे आधा दशक पूर्व जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामीण जनता को घर-घर पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी की टंकी बनाए जाने की कार्य योजना लाई गई थी। लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी एवं संबंधी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की लापरवाही के चलते आज तक पानी की टंकी का निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो सका। ग्रामीणों की माने तो करीब 1 वर्ष से टंकी निर्माण का कार्य भी बंद कर दिया गया। संबंधी निर्माण एजेंसी के ठेकेदार निर्माण का कार्य छोड़कर कहां गायब हो गया, किसी को भी पता नहीं। लोगों ने बताया कि दर्जनों बार विभाग के समक्ष गुहार लगाया कि टंकी निर्माण का कार्य पूरा कर नल जल योजना के तहत जनता को पेयजल प्रदाय किया जाए। लेकिन विभाग द्वारा सुनवाई नहीं की गई। जिसका परिणाम यह रहा की आज भी गांव की जनता योजना का लाभ पाने से वंचित है।



### समीक्षा बैठक का नहीं पड़ा असर

विभाग से लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा आए दिन निर्माण कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक ली जाती है। आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों द्वारा संबंधी अधिकारियों एवं ठेकेदारों को यह भी हिदायत दिए जाते हैं कि समय रहते निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएं। लेकिन समीक्षा बैठक उपरांत दी गई हिदायत का असर न तो जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित विभाग एवं ठेकेदार को पडता। जिसके चलते शाहपुर ग्राम पंचायत स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी का आधा अधूरा कार्य आज तक पूर्णता की गुहार लगाता नजर आ रहा है। जिसके निर्माण कार्य में गति लाने के लिए न तो विभाग सामने आया और न ही जिम्मेदार निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य चालू किया गया।*घटिया निर्माण के चलते सीढ़ियों में आई दरारें*जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत निर्माण कराई गई अधुरी पानी की टंकी में संबंधी निर्माण एजेंसी द्वारा किस तरह अनियमितता बरती गई प्रत्यक्ष रूप से सामने दिखाई देती है। आलम यह है कि घटिया निर्माण के चलते निर्माणाधीन टंकी में बनाई गई सीढ़ियों में कार्य पूर्ण होने से पहले ही जगह-जगह दरारें आ गई। जिसके रखरखाव एवं सुधार में समय रहते यदि ध्यान नहीं दिया गया तो निर्माणाधीन टंकी पर भी असर पड़ सकता है। यहां सबसे बड़ा सवाल यहां उठता है कि जिस समय निर्माण एजेंसी द्वारा संबंधी निर्माण कार्य कराया जा रहा था उस समय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इंजीनियर के द्वारा निर्माण कार्य की अनदेखी क्यों कि गई। यदि पीएचई विभाग के इंजीनियर निर्माण संबंधी एजेंसी के निर्माण कार्य पर नजर रखते तो शायद बेहतर निर्माण कार्य होता।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर परिषद नईगढ़ी में हुआ आयोजन

मऊगंज

प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा 23 दिसंबर को देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डिहिया पडान, हिनौती, बहेरा नानकर से होकर नगर परिषद नईगढ़ी पहुंची जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगह-जगह विधानसभा क्षेत्र के विधायक गिरीश गौतम एवं मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया गया वहीं विभिन्न योजनाओं से छूटे एवं वंचित लोगों के आवेदन लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। नईगढ़ी नगर परिषद में आयोजित विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गिरीश गौतम ने मोदी जी के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी के मामले में सरकार पर लगाये आरोप



अनूपपुर। भारतीय गणवार्ता (भगवा) पार्टी अनूपपुर के जिलाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि धान खरीदी के मामले में सरकार अपनी घोषणा पर अमल नहीं कर रही। उन्होंने मांग की है कि सरकार अपनी घोषणा के अनुरूप समर्थन मूल्य के अनुसार धान का का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि एमएसपी को लेकर हाल के विधानसभा चुनावों में जिस तरह से भाजपा ने वायदे किये थे वह पूरे होते नहीं दिख रहे। यही कारण है कि समर्थन मूल्य को लेकर अब राजनीतिक पार्टी भारतीय गण वार्ता पार्टी सरकार को कटघरे में खड़ा कर रही है। ज्ञातव्य हो कि विधानसभा चुनावों के समय पर जहां कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 रुपए करने का वायदा किया था वहीं भाजपा ने उससे एक कदम आगे बढ़ते हुये धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए करने का वायदा किया था। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार बन गई तब यह सरकार से मांग हो रही है कि वर्तमान में धान की खरीदी 3100 को एमएसपी के आधार पर क्यों नहीं हो रही है? वर्तमान में धान की खरीदी 2183 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य के आधार पर की जा रही है। भगवा पार्टी का मानना है कि घोषणा के अनुसार सरकार को समर्थन मूल्य में वृद्धि करनी चाहिये, किन्तु ऐसा संभव होता दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों के मुद्दे पर सरकार की घेराबंदी कर लाभ दिलाएगी। जनता के बीच में भी यह मामला उठाया जाएगा क्योंकि वर्तमान में धान की खरीदी चल रही है।आगे लोकसभा के चुनाव भी आ रहे है ऐसी स्थिति में प्रदेश सरकार के लिये समर्थन का मुद्दा किसानों की नाराजगी का कारण बना हुआ है। ऐसी स्थिति में किसानों के लिये चुनाव के समय घोषित समर्थन मूल्य की गारंटी के सवाल पर कोई निराकरण दिखाई नहीं दे रहा है। भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने तत्काल भाजपा सरकार से घोषणा के अनुरूप समर्थन मूल्य किसानों को दिए जाने की मांग की है।

### बड़ी संख्या में पेंच टाइगर रिजर्व में पहुंच रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज:सिवनी। सफारी के दौरान पर्यटकों को रोमांचित करने वाले नजारे भी देखने को मिल रहे हैं। कोर एरिया के साथ बफर क्षेत्र में भी सफारी के दौरान पर्यटकों को वन्यजीव करीब से देखने को मिल रहे हैं।

22 दिसंबर शुक्रवार को तेलिया गेट से खवासा बफर की सफारी के दौरान बाघ और बाघिन को एक साथ देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए। वन अधिकारियों के मुताबिक इतने करीब से बाघ-बाघिन को एक साथ देख पाना काफी दुर्लभ और मुश्किल होता है। हालांकि जिप्सी चालकों ने बाघ-बाघिन और पर्यटकों के बीच निश्चित दूरी बनाई रखी। पर्यटकों और जिप्सी चालकों ने अपने मोबाइल पर बाघ जोड़े के वीडियो व फोटो कैद कर लिया, जो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। जानकारों के मुताबिक खवासा बफर क्षेत्र में फार मार्क नर बाघ व कोर क्षेत्र की बिन्दु बाघिन एक साथ देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए। मेटिंग सीजन होने के कारण बाघ और बाघिन सहवास के लिए एकत्रित होते हैं। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह पेंच के रूखड़ बफर में बाघिन के साथ अठखेलियां करते दो नन्हें बाघ शावक दिखाई दिए थे। जिनकी तस्वीर पार्क प्रबंधन ने जारी की थी। मांद से मां के साथ बाहर निकले करीब चार माह उम्र के शावक जंगल में चहल कदमी और अठखेलियां करते दिखाई दिए थे। जन्म के बाद शावकों को बाघिन तीन-चार माह तक मांद (गुफा) में छिपाकर रखती है। दिसंबर के अंतिम पखवाड़े में पेंच जंगल की सफारी करने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। पेंच टाइगर रिजर्व में कोर एरिया के गेट एडवांस बुकिंग के कारण फुल हो चुका है। बिना एडवांस बुकिंग के जंगल पहुंचने वाले पर्यटकों को बफर की सैर के दौरान भी काला तेंदुआ, बाघ और दूसरे वन्यप्राणी आसानी से देखने को मिल रहे हैं। इससे पर्यटकों में खासा उत्साह है। नये साल में 8 से 10 जनवरी तक पेंच टाइगर रिजर्व में राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव मनाया जाएगा।

## कोतमा में दिखावे का स्वच्छता अभियान, पलीता लगा रहे जिम्मेदार

# सामुदायिक शौचालय में पसरी गंदगी, खुले में जाने को लोग मजबूर

**दिनों दिन बिगड़ रही नगर की सफाई व्यवस्था**

**नगर पालिका पर जिम्मेदारियां पूर्ण न करने का भाजपा नेता ने लगाया आरोप**

कोतमा नगर की सफाई व्यवस्था दिनो दिन बिगड़ रही है। हर जगह अव्यवस्थाओं का नजारा देखने को मिलता है। शहर मोहल्लों के मार्गों पर कचरो का ढेर आम बात हो गई है। नगर के सार्वजनिक कई स्थानों पर नियमित सफाई नहीं की जा रही है। लगातार चौपट होती नगर के व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।





कोतमा। कोतमा नगर में नगर पालिका की उदासीनता के कारण बिगड़ी सफाई व्यवस्था से परेशान लोगों की पीड़ा पर भाजपा नेता आशुतोष सराफ आशु द्वारा लगातार नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जाता रहा है। भाजपा नेता आशुतोष सराफ आशु ने नगर के प्रमुख तिराहे भारती लाज के समीप नगर पालिका द्वारा बनवाया गया सार्वजनिक शौचालय की दुर्दशा पर पर संज्ञान लेते शिकायत की गई है। आशु ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका अपनी जिम्मेदारियां को पूर्ण नहीं कर पा रही है आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कर पा रही है। नगर के चारों ओर गंदगी का अंबार लगा पड़ा है। कई नाली जाम होने की स्थिति पर है। लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार बेपरवाह है।

### सामुदायिक शौचालय में गंदगी का आलम

कोतमा स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सामुदायिक शौचालय बेकार पड़े हैं। नगर के भारतीय लाज के सामने स्थिति सार्वजनिक शौचालय इतनी बदतर है कि नागरिक मोहल्ला वासी खुले में शौच करने के लिए विवश हैं। स्वच्छता अभियान का असर कोतमा नगर पालिका प्रशासन पर नजर नहीं आ रहा है। आशुतोष सराफ आशु ने कहा कि पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते नगर के चारों ओर स्थित सार्वजनिक शौचालय में गंदगी पसरी होने के साथ नगर में अनेक स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हैं। सार्वजनिक शौचालय में नियमित सफाई के अभाव में नागरिकों को भारी परेशानी का सामना तो करना पड़ ही रहा है तथा बदबू के कारण स्थानीय लोगों का रहना और पास से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

### पूर्व परिषद ने कराया था निर्माण

आमजन की सुविधा के लिए पूर्व में नगर पालिका प्रशासन द्वारा कई सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया गया था। वर्तमान में नगरपालिका प्रशासन ने सफाई के बारे कोई संजीदगी नहीं दिखाई है। नगर के भारतीय लाज के समीप शौचालय की सफाई न होने के कारण शौचालय में गंदगी में अटे पड़े हैं। शौचालय में न तो ठीक प्रकार से पानी की व्यवस्था है फर्श टूटी हुई है तथा टोंटी काम नहीं कर रही है। नागरिक एवं आमजन बहुत मजबूरी में शौचालयों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा शौचालयों की सफाई के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया है। भाजपा नेता आशुतोष सराफ आशु ने प्रशासन से शौचालयों की समय-समय पर सफाई व बेहतर रख रखाव की मांग की है।



# परीक्षा से वंचित छात्रों के महाविद्यालय के सामने किया विरोध प्रदर्शन

अनूपपुर। जिले के शासकीय तुलसी महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के छात्रों की परीक्षा नहीं हुई है। इससे आक्रोशित छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले गेट के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के लापरवाही के कारण 50 छात्र परीक्षा से वंचित रह गए। तीन माह पहले विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वंचित छात्रों का परीक्षा नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण आज छात्रों ने महाविद्यालय के गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष के वोकेशनल कोर्स में व्यक्तित्व विकास लेने वाले विद्यार्थी महाविद्यालय प्रबंधन की लापरवाही के कारण 50 से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा से वंचित रह गए हैं। जिसके कारण उनके भविष्य पर एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। छात्रों ने बताया कि अगस्त माह में छात्रों को परीक्षा से वंचित किया गया था, लेकिन दिसंबर में भी छात्रों का परीक्षा नहीं कराया जा रहा हैं। उन्होंने मांग किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द परीक्षा कराए। परीक्षा नहीं होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

## हाथी के आतंक से खौफजदा ग्रामीण दहशत के बीच जिंदगी काट रहे लोग

# आक्रामक हाथी से भयभीत ग्रामीण घर छोड़ने को मजबूर

**वन विभाग को कर्तव्यों के इतिश्री मे भरोसा**

**प्रभावित ग्रामीणों को 5 माह बाद भी मुआवजा नहीं मिलने से भी बढ़ी नाराजगी**





अनूपपुर। जिले के अनूपपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत औढेरा एवं किरर बीट के ग्राम केकरपानी, डालाडीह एवं अंकुआ गाव में विगत 16 दिसंबर से अनूपपुर जिले मे निरंतर विचरण कर रहे दो दांत वाला एक नर हाथी उत्पात मचा रहा है जो दिन में सूनसान जंगल में लेन्टाना की झाड़ियां के बीच छिपकर आराम करने बाद रात होते ही खाने की तलाश में जंगल से लगे ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर अचानक घरों, झोपड़ी, खलिहानों में आक्रमण कर विभिन्न तरह के अनाजों को आहार बनाता है। इस बीच शनिवार की देर रात डालाडीह एवं अंकुआ के ग्रामीण अचानक हाथी को आते देखकर बच्चों सहित दौड़कर, भाग कर अपनी जान बचाई इस दौरान केकरपानी निवासी नील कुमार यादव के डालाडीह जंगल में स्थित खेत में बने झोपड़ी को हाथी ने तहस-नहस कर झोपड़ी के अंदर रखे धान, चावल एवं अन्य खाने की सामग्री को उठापटक कर खाकर, फैलाकर नष्ट किया तथा उपयोगी सामानों को तितर-बितर कर नष्ट कर दिया देर रात से रविवार की सुबह 4:30 बजे तक किरर बीट के अंकुआ गांव में यादव मोहल्ला के निवासी संतोष यादव, जगदीश यादव, रामसेवक यादव, करवहां बैगा के यहां पहुंचकर घर, खलिहानों एवं बांड़ी में लगे गन्ना, केला, धान एवं अन्य चीजों को खा कर-फऐलआ कर नुकसान पहुंचाने बाद जंगल की ओर जाकर रविवार की दोपहर किरर एवं औढेरा बीट के जंगल पीएफ 364 एवं 365 के मध्य डालाडीह के जंगल में छिपकर विश्राम कर रहा है।

### प्रभावित ग्रामीणों को 5 माह बाद भी नही मिला मुआवजा

ग्राम गोबरी, गौरेला, पगना, बांका, केकरपानी आदि गांव में हाथी द्वारा किए गए नुकसान का संबंधित हल्के के पटवारी, वनरक्षकों द्वारा की टीम के साथ नुकसानी का सर्वेक्षण कार्य कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा रहा है। इस बीच ग्रामीणों ने विगत माह जुलाई से सितंबर के मध्य हाथियों द्वारा किए गए अनूपपुर, जैतहरी तथा कोतमा तहसील के ग्रामीण अंचलों के ग्रामीणों के नुकसान का मुआवजा अब तक नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिले के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों से पूर्व में हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का शीघ्र मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

### इधर हाथी के दौड़ाने से अधेड़ गिरकर हुआ घायल

जिले के जैतहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौरेला निवासी 50 वर्षीय कृपाल सिंह उस समय दुर्घटना का शिकार हो गया जब एक जंगली हाथी ने उसे दौड़ा दिया जिसके कारण वह भागते समय गिरकर घायल हो गया। गिरने के कारण पैरों में गंभीर चोट आई जिसके इलाज हेतु उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में भर्ती कराया गया इलाज जारी है।

### वन विभाग की निष्क्रियता भी एक कारण

ज्ञात हो कि जंगली हाथियों के भटकाव को लेकर वन विभाग कभी भी सतर्क नहीं रहा है। जंगली हाथी जब गांव में बहुत ज्यादा उत्पात मचा देते हैं, इसके बाद ही वन विभाग सक्रिय होता है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से हाथी सक्रिय है, जो यहां लगातार यहां फसलों के साथ घर और खेतों की चहारदीवार को नुकसान पहुंचा रहे है। उन्होंने कहा कि हाथी नागरिकों की जानमाल के लिए भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और हाथी की रोकथाम के लिए स्थायी समाधान करने की मांग की है।




# उपभोक्ताओं के अधिकारों की जानकारी देने आयोजित किया गया कार्यक्रम

अनूपपुर। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर राजेन्द्रग्राम के स्व सहायता समूह भवन परिसर में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जन जागरूकता के परिपेक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिला उपभोक्ता फोरम की माननीय सदस्य श्रीमती सुधा शर्मा, भूतपूर्व विधायक सुदामा सिंह सिंग्राम जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस परिहार जिला प्रभारी स्टेट वेयर हाउसिंग कॉपोरेशन लिमिटेड प्रीति शर्मा, नापतौल विभाग के आधिकारी तथा उपभोक्ताओं की उपस्थिति मे आयोजित किया गया। जिला उपभोक्ता फोरम की माननीय सदस्य श्रीमती सुधा शर्मा ने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति विधि द्वारा स्थापित कानून की सरल भाषा में जानकारी दी गई उन्होंने उपभोक्ता अधिकारों के लिए स्थापित फोरम के संबंध में जानकारी देते हुए न्याय के लिए प्रकरण को प्रस्तुत करने की अपील की उन्होंने बताया कि उपभोक्ता फोरम जिला, प्रदेश, व राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करता है उन्होंने कहा कि जिला उपभोक्ता फोरम मे 20 लाख तक की खरीदी के तथा राज्य स्तर पर स्थापित उपभोक्ता फोरम में एक करोड़ तक की खरीदी की शिकायत तथा एक करोड़ से अधिक की खरीदी पर राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज की जा सकती है जिस पर उपभोक्ता फोरम द्वारा कार्यवाही संस्थित की जाती है। जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस परिहार ने उपभोक्ता अधिकार के लिए आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के संबंध में जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक रहकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आवाहन किया गया उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उसे उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता सही माप विक्रय उपरांत सेवा एवं अच्छा व्यवहार दिलाना मुख्य उद्देश्य है

# नगर परिषद बनगवां में मनाया गया गौरव दिवस

## नगर विकास के लिए कोतमा विधायक ने 2 करोड रुपए देने का किया ऐलान



राजनगर। जिले के अंतर्गत नवनिर्मित नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में शुक्रवार 22 दिसंबर को दो वर्ष पूर्ण हो जाने के पश्चात नगर गौरव दिवस (संस्कृति विरासत और स्थानीय लोकाचार) मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतमा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक दिलीप जायसवाल रहे। गौरव दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष यशवंत सिंह तथा विशिष्ट स्थिति के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष धनंजय सिंह विशिष्ट अतिथि मुख्य नगर परिषद अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा , तथा नगर परिषद के सभी पार्षद गण, नगर के गणमान्य नागरिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गौरव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का प्रारंभ में भारत माता के चित्र पर पूजा कर दीप प्रज्वलित किए गए। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंच का संचालन अखंड प्रताप सिंह ने किया। जिसमें नगर के विद्यालय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ज्ञानोदय शिक्षा मंदिर कमलनगर, नव ज्योति मिशन स्कूल, शशि शिक्षा मंदिर, विवेकानंद कॉन्वेंट हाई स्कूल व अन्य विद्यालयों के छात्रों द्वारा एकल व समूह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर के जन प्रतिनिधियों, पार्षद गण, पत्रकारों, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों एवं छात्रों को पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। विधायक दिलीप जायसवाल के द्वारा नगर के वरिष्ठ नागरिको को साल व श्रीफल फल देकर सम्मानित किया गया।

### विधायक निधि से विकास के लिए मिलेगा 2 करोड़

विधायक दिलीप जायसवाल द्वारा मंच पर अपने उद्बोधन में नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के विकास कार्य हेतु 2 करोड रुपए विधायक निधि से देने का ऐलान किया। नगर परिषद के विकास में किसी प्रकार से कोई बाधा नहीं आएगी और मध्यप्रदेश शासन के सभी योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों को मिले। कार्यक्रम के अंत में नगर के स्वच्छता कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम समापन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### यह रहे उपस्थित

आयोजन काफी भव्य था। परिसर चारों तरफ से नगर वासियों से भरा हुआ था। दूसरी बार इस तरह का नगर परिषद द्वारा कार्यक्रम किया गया। जिसमें नगर के प्रत्येक वर्ग के लोग छोटे, बड़े, बूढ़े, जवान, महिलाएं, सब लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ,मुख्य नगर परिषद अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा, भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमचंद यादव, शिव मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश गौतम, वरिष्ठ नेता दादा बृजमोहन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश द्विवेदी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोनू कनौजिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सचिन द्विवेदी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता माली, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री पूजा केवट, भीम जायसवाल, स्थानीय नेता गण, पार्षद गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर परिषद के कर्मचारी लेखापाल राजेश कुमार मिश्रा, अखंड प्रताप सिंह, धनंजय यादव, रामराज मौर्य, अजय श्रीवास्तव, चेतन कुशवाहा, अजय शंकर उपाध्याय, मंजीत भारती, नीरज शर्मा, जय कुमार ठाकुर, सुमित महाराज, राजमन, बबला कोल, जीवन का योगदान रहा।